Hindustan (Hindi)

Date: 23/12/2021

दीक्षांत समारोह में छात्रों को दिए पदक

मुरादनगर | संवाददाता

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 33वें दीक्षांत समारोह में आईटीएस कॉलेज के फिजियोथेरेपी, बायोटेक व डेन्टल विभाग के कई छात्रों को राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने सम्मानित किया।

एमपीटी की छात्रा पायल अग्रवाल 89 प्रतिशत अंक स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। बीएससी बायोटेक की छात्रा ने 84 प्रतिशत अंक पाने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बीडीएस की छात्रा मुस्कान जैन व एमडीएस की दीपशिखा दास को भी वाइस चांसलर द्वारा सम्मानित किया गया। कॉलेज के मीडिया प्रभारी दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि आईटीएस कॉलेज के दस छात्रों को टॉप स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन कर पदक पाने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। कॉलेज के चेयरमैन आरपी चड्ढा, अर्पित चड्ढा, श्रीनाथ ठाकुर व शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी है।

मुरादनगर आईटीएस कॉलेज की छात्रा को डिग्री देते वाइस चांसलर। • हिन्दुस्तान

Hind Atma

Date: 23/12/2021

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा 33वें दीक्षांत समारोह का आयोजन

आईटीएस कॉलेज के विद्यार्थियों ने झटके कई स्वर्ण पदक

गाजियाबाद (हिन्द आत्मा)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न शैक्षिक पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिये दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल उ.प्र., आनंदी बेन पटेल द्वारा की गई। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. दिनेश शर्मा समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. नागेश कुमार निदेशक तथा मुख्य अधिशासक, औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान (आईएसआईडी) नई दिल्ली रहे। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आईटीएस कॉलेज के फिजियोथेरेपी, बायोटेक एवं डेन्टल विभाग के छात्रों ने विश्वविद्यालय के वार्षिक परिणामों में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न पदक प्राप्त कर कॉलेज एवं गाजियाबाद जिले को गौरवान्वित किया गया। एमपीटी पाठ्यक्रम की पायल अग्रवाल को विश्वविद्यालय में 89 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वाईस-चांसलर द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। बीएससी बायोटेक पाठ्यक्रम की श्रुति सिंह ने 83.95 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पाकर आरपी चड्ढा मेरिटोरियस स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बीडीएस पाठ्यक्रम की छात्रा मुस्कान जैन को सर्वाधिक 86.44 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर वाईस-चांसलर द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। एमडीएस पाठ्यक्रम की दीपशिखा दास को 77.28 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर वाईस-चांसलर द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

आनंदी बेन पटेल ने सभी छात्राओं के उत्कृष्ट शैक्षिणक प्रदर्शन को देखते हुए छात्राओं एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय को बधाई दी तथा उन्होंने बताया कि समाज में नारी शक्ति आगे बढ़ रही है और उन्होंने सभी छात्रों को मेहनत करने के लिए प्रेरित भी किया। इन छात्रों के अलावा आईटीएस कॉलेज के कई छात्रों ने टॉप 10 छात्रों में स्थान हासिल किया। सभी सम्मानित छात्रों ने आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आरपी चड्ढा, वाईस चेयरमैनअर्पित चड्ढा तथा संस्थान के डायरेक्टर-पीजी कोर्सेज, डॉ श्रीनाथ ठाकुर एवं प्रधानाचार्य, डॉ देवी चरण शेट्टी तथा आईटीएस इंस्टीट्यूट ऑफ हैल्थ एंड एलाइड साइंसेज के प्रधानाचार्य, डॉ. सीएस राम एवं उप-प्रधानाचार्य, डॉ. एम थंगाराज के निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिये उनका आभार व्यक्त किया।